268(E)
14/01/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 13/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री, भारत के मोतिहारी जिलान्तर्गत भ्रमण कार्यक्रम हेतु हेलीपैड के पहुँच पथ एवं रोड शो के लिए सुगम पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2025–26 की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2206(अनु०) दिनांक–14.07.2025 के माध्यम से अंचल स्तरीय Empanelled संवेदकों से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | माननीय प्रधानमंत्री, भारत के मोतिहारी जिलान्तर्गत भ्रमण कार्यक्रम हेतु हेलीपैड के पहुँच पथ एवं रोड शो के लिए सुगम पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2025–26 |
| 2.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मोतिहारी। |
| 2.3 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | अप्राप्त। |
| 2.4 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5,80,39,000.00<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2172(अनु०) दिनांक–10.07.2025 |
| 2.5 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹5,77,64,282.00 |
| 2.6 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 07 (Seven) Days |
| 2.7 | निविदा की प्रक्रिया | : | आपातकालीन निविदा।<br>पथ प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत विषयांकित कार्य का अंचल स्तरीय पैनल संवेदक से कराने हेतु अनुरोध किया गया है, जिसके आलोक में कार्य की महत्ता/आकस्मिकता के मद्देनजर अंचलस्तरीय पैनल संवेदक की सूची में सूचीबद्ध संवेदक से कार्य कराने की अनुमति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि उपलब्ध आवंटन तक ही कार्य को सीमित रखा जाय। किसी भी परिस्थिति में दायित्व का सृजन नहीं किया जाय। परिमाण विपत्र का अनुमोदन नियमानुसार करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। साथ ही विभागीय अधिसूचना संख्या–-से०प्र०उप०–-26/विविध–07–02/2018–1725(S) दिनांक–18.02.2019 एवं विभागीय पत्रांक–7930(E) दिनांक–16.10.2019 द्वारा निर्गत निदेश का अनुपालन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सुनिश्चित किया जाय एवं समुचित प्रचार–प्रसार के माध्यम से सूचीबद्ध सभी संवेदक को सूचित कर निविदा की प्रक्रिया की जाय, ताकि अधिक से अधिक संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकें। |
| 2.8 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 12.07.2025 |
| 2.9 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 02 (दो) अदद यथाः– |

(i) M/s Naraini Nirman (ii) Sona Engicon Pvt. Ltd.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

**3. मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्रांक–2206(अनु०) दिनांक–14.07.2025):–**

माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के मोतिहारी जिला अन्तर्गत प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर विषयक कार्य अंचलस्तरीय पैनल संवेदक से कार्य कराने की अनुमति उपभागीय पत्रांक–2173 दिनांक–10.07.2025 द्वारा दी गई थी। उपभागीय ज्ञापांक–2172 दिनांक–10.07.2025 से विषयांकित कार्य की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया है। अंचलस्तरीय पैनल संवेदको से 12.07.2025 को प्राप्त निविदा में दो निविदाकारों यथा (1) M/s Naraini Nirman एवं (2) Sona Engicon Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया।

अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–879(अनु०) दिनांक–12.07.2025 के द्वारा विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुई है। निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारों के दर पर निविदित राशि निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Sona Engicon Pvt. Ltd.** | **₹5,77,64,282.00 (पाँच करोड़ सतहत्तर लाख चौसठ हजार दो सौ बेरासी रुपये)** | परिमाण विपत्र की राशि से **0.1% (शून्य दशमलव एक) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹5,77,06,517.00 (पाँच करोड़ सहहत्तर लाख छः हजार पाँच सौ सतरह रुपये)** | **L-1** |
| 2. | M/s Naraini Nirman | | परिमाण विपत्र की राशि से 1.00% (एक दशमलव शून्य) प्रतिशत अधिक दर पर। | ₹5,83,41,924.00 (पाँच करोड़ तिरासी लाख इकतालीस हजार नौ सौ चौबीस रुपये) | L-2 |

इस प्रकार वित्तीय बीड के अनुसार प्रथम न्यूनतम निविदाकार Sona Engicon Pvt. Ltd. है, जिनका उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि ₹5,77,64,282.00 से 0.1% कम पर कार्य की राशि ₹5,77,06,517.00 (पाँच करोड़ सतहत्तर लाख छः हजार पाँच सौ सतरह रुपये) मात्र होती है। अतः निविदाकार Sona Engicon Pvt. Ltd. के पक्ष में कुल ₹5,77,06,517.00 (पाँच करोड़ सतहत्तर लाख छः हजार पाँच सौ सतरह रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी एवं जाँच–पत्र विभागीय निविदा समिति की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भेजी जा रही है।

विदित हो कि कार्य की आकस्मिकता/महत्ता के दृष्टिपथ प्रथम न्यूनतम निविदाकार Sona Engicon Pvt. Ltd. के पक्ष में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक–1222 दिनांक–12.07.2025 द्वारा कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है।

4. उक्त विषयांकित कार्य के निविदा के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–6902(E) दिनांक–09.10.2025 द्वारा मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को अलग--अलग पथांशों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन/प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था, जिसके अनुपालन में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3746(अनु०) दिनांक–12.12.2025 के माध्यम से प्रतिवेदन समर्पित की गई है। प्राप्त प्रतिवेदन में तथ्य निम्नांकित है:–

"प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पत्रांक–2677/गो० दिनांक–08.07.2025, पत्रांक–2793/गो० दिनांक–14.07.2025 एवं पत्रांक–2827/गो० दिनांक–16.07.2025 के आलोक में माननीय प्रधानमंत्री भारत के परिभ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम स्थल एवं वाहन पार्किंग स्थल तक पहुँच पथ का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया, जिसकी विवरणी कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी के संलग्न पत्रांक–1971(अनु०) दिनांक–19.11.2025 एवं जिला पदाधिकारी के उक्त पत्रों में अंकित है।

उक्त कार्य हेतु वर्णित आकस्मिक परिस्थिति में कार्य कराने के लिए अंचल स्तरीय पैनल संवेदकों से निविदा प्राप्त करने का अनुमति प्रदान की गई थी। निविदा में दो निविदाकारों (1) Sona Engicon Pvt. Ltd. एवं (2) M/s Naraini Nirman द्वारा भाग लिया गया। निविदा की राशि ₹3.50 करोड़ से अधिक होने के कारण वित्तीय बीड प्रथम न्यूनतम निविदाकार Sona Engicon Pvt. Ltd. के पक्ष में विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन हेतु उपभागीय पत्रांक–2206(अनु०) दिनांक–14.07.2025 द्वारा मुख्यालय को समर्पित किया गया। कराये गये कार्य जिसकी राशि ₹5,76,00,000.00 है, के भुगतान हेतु आवंटन की माँग उपभागीय पत्रांक–2886(अनु०) दिनांक–08.09.2025 एवं पत्रांक–3216(अनु०) दिनांक–10.10.2025 द्वारा की गई।"

निर्गत शाखा
14/1/26

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2206(अनु०) दिनांक–14.07.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में एवं विभागीय पत्रांक–6902(E) दिनांक–09.10.2025 द्वारा दिए गए निदेश के संदर्भ में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3746(अनु०) दिनांक–12.12.2025 द्वारा समर्पित अद्यतन प्रतिवेदन पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री, भारत के मोतिहारी जिलान्तर्गत भ्रमण कार्यक्रम हेतु हेलीपैड के पहुँच पथ एवं रोड शो के लिए सुगम पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2025–26 के लिए अंचल स्तरीय Empanelled संवेदकों से सीमित निविदा के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि न्यूनतम दरदाता Sona Engicon Pvt. Ltd. को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 0.1% (शून्य दशमलव एक) प्रतिशत कम यानि ₹5,77,06,517.00 (पाँच करोड़ सतहत्तर लाख छः हजार पाँच सौ सतरह रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13/01/26 | 13/01/26 | 13/01/26 | |
| (मजीद अहमद) | (अनिल कुमार सिंह) | (उमाकान्त रजक) | (पंकज कुमार पाल) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–112/2025 268(E) पटना, दिनांक 14/01/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/01/26

(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।